समाचार

# निर्धारित समय पर दुकानें, प्रतिष्ठान कराए गए बंद

## (निगम के सभी 08 जोन में निगम अमले ने सक्रियता दिखाते हुए दुकानों को बंद कराया, दुकानें खुली रहने पर लगाया अर्थदण्ड)




कोरबा 21 अगस्त 2020 –नगर निगम कोरबा क्षेत्र में स्थित सभी दुकानें, प्रतिष्ठान तथा बाजार आज निर्धारित समय पर बंद कराए गए, निगम के सभी 08 जोन में जोन कमिश्नरों की अगुवाई में निगम अमले ने पूरी तरह सक्रिय रहकर पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर जिला प्रशासन के निर्देशों के अनुसार दुकानों को निर्धारित समय पर बंद कराया, साथ ही जो दुकानें निर्धारित समय के बाद भी खुली पायी गई उन पर अर्थदण्ड लगाया।

यहां उल्लेखनीय है कि कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती किरण कौशल ने आदेश जारी कर दुकानों व प्रतिष्ठानों के खुलने का समय पुनः निर्धारित किया है, जारी आदेश के अनुसार समस्त प्रकार के आवश्यक सामान बेचने वाली दुकानें तथा स्टैण्ड अलोन दुकानें, कालोनी की दुकानें और आवासीय परिसरों में आवश्यक एवं गैरआवश्यक सामग्री का विक्रय करने वाली दुकानें व प्रतिष्ठान प्रातः 09 बजे से दोपहर 03 बजे तक खुलेंगे। इसी प्रकार रेस्टोंरेंट एवं होटलों में टेक–अवे, डायनिंग तथा होम डिलेवरी हेतु रेस्टोंरेंट होटल प्रातः 08 बजे से दोपहर 03 बजे तक तथा योग संस्थान एवं व्यायाम शाला प्रातः 06 बजे से दोपहर 03 बजे तक कोविड–19 के प्रोटोकाल की शर्तो का पालन करते हुए संचालित होंगे। कलेक्टर श्रीमती कौशल के उक्त आदेश के परिपालन में निगम के अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा ने सभी जोन कमिश्नरों व उप जोन प्रभारियों को आदेश का पूर्ण रूप से पालन कराने तथा दुकानों को समय पर बंद कराने के निर्देश दिए थे, जिसके तहत आज निगम के सभी 08 जोन में निगम अमले ने अपनी पूर्ण सक्रियता दिखाते हुए दुकानों को निर्धारित समय पर बंद कराया।

**होम क्वारन्टाईन व्यक्तियों की सतत निगरानी**– कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल द्वारा होम क्वारन्टाईन पर रह रहे लोगों की सतत निगरानी किए जाने के संबंध में दिए गए निर्देशों के परिपालन में इस हेतु गठित जोन स्तरीय एवं वार्ड स्तरीय निगरानी दलों द्वारा इनकी निरंतर निगरानी की जा रही है। आज इसी कड़ी में नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 02, 04, 05, 06, 07, 08, 44, 43, 52, 59, 61, 51, 65, 49, 66 सहित निगम के सभी 08 जोन में स्थित अन्य वार्डो में होम क्वारन्टाईन पर रह रहे लोगों के घर तक निगरानी दल के सदस्य पहुंचे, औचक रूप से निरीक्षण किया, इस दौरान होम क्वारन्टाईन पर रह रहे सभी व्यक्ति अपने घरों पर ही पाये गए। निगरानी दल के सदस्यों ने उन्हें समझाईश दी कि वे अपने घर के बाहर कदापि न निकले, घर पर ही आराम से रहें। इसके साथ ही दल के सदस्यों ने होम क्वारन्टाईन व्यक्तियों की स्वास्थ्य संबंधी जानकारी भी प्राप्त की।